E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 1643 पटना, दिनांक :– 13/02/2023

आदेश

बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा में पदस्थापित श्री सुभाष सिंह (Emp.ID-SKN00802) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के विरूद्ध श्री अरूण कुमार सिंह ब्यूरो चीफ (BNP News, Bihar) द्वारा अवैध राशि की वसूली करवाने एवं महिला कर्मियों के शोषण के संबंध में परिवाद पत्र दिनांक 04.08.2022 को भेजा गया है।

प्राप्त परिवाद के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा को प्रस्तुत मामले की जाँच हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 2284 दिनांक 31.08.2022 द्वारा निदेशित किया गया।

जाँच प्रतिवेदन बन्दोबस्त पदाधिकारी स्तर से अप्राप्त रहने के कारण आरोपित से प्राप्त परिवाद के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग इस कार्यालय के पत्रांक 4179 दिनांक 21.11.2022 द्वारा किया गया। आरोपित का स्पष्टीकरण प्राप्त है, जिसमें अंकित किया गया है कि उन पर लगाये गये आरोपों को बेबुनियाद/मनगंढ़त है। आरोपित के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेश की प्रति उपलब्ध करायी गयी है। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा प्रसंगाधीन मामले की जाँच की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा से मांगे गये जाँच प्रतिवेदन उनके पत्रांक 984 दिनांक 15.11.2022 द्वारा भेजा गया है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि जाँच लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, शेखपुरा के तहत प्रक्रियाधीन है, परन्तु आरोपित के द्वारा प्रेषित स्पष्टीकरण में लगाये गये अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा दिनांक 23.11.2022 को आदेश पारित किया जा चुका है, जिसमें जाँचोंपरान्त परिवादी पर लगाये गये आरोप को निराधार तथा साक्ष्य से परे बतलाया गया।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में परिवादी द्वारा **श्री सुभाष सिंह (Emp.ID-SKN00802) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो** के ऊपर लगाए गए आरोप के विरूद्ध प्राप्त स्पष्टीकरण को स्वीकृत किया जाता है।

(जय सिंह) 13/2/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 1643 **पटना, दिनांक** : 13/02/2023
प्रतिलिपि :– श्री सुभाष सिंह (Emp.ID-SKN00802), विशेष सर्वेक्षण काननगो को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 1643 **पटना, दिनांक** : 13/02/2023
प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 1643 **पटना, दिनांक** : 13/02/2023
प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 13/2/23

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\01-2011 27-01-2023-1.doc